संख्या-28/2019/505 ई-2/तेरह-2019-74/2016

प्रेषक,

वेद प्रकाश राय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आबकारी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

आबकारी अनुभाग-2 लखनऊ::दिनांक 01 मार्च, 2019

विषय:- मेसर्स आरेन्ज डिस्टलरी एण्ड ब्रेवरेज प्रा0लि0, जनपद कानपुर देहात को आसवनी स्थापना हेतु पी0डी0-33 अनुज्ञापन स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-जी-115/दो-प्रा0डी0-200/आरेन्ज आस कानपुर देहात, दिनांक 02 फरवरी, 2019 तथा इस सम्बन्ध में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक दिनांक 18-02-2019 में लिये गये निर्णय से सम्बन्धित कार्यवृत्त पत्र संख्या-295 ई-2/तेरह-2019-74/2016, दिनांक 20 फरवरी, 2019 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव एवं समिति द्वारा की गई संस्तुति पर सम्यक विचारोपरान्त राज्य के औद्योगिकहित एवं राजस्वहित में मेसर्स आरेन्ज डिस्टलरी एण्ड ब्रेवरेज प्रा0लि0, जनपद कानपुर देहात को आसवनी स्थापना हेतु पी0डी0-33 अनुज्ञापन स्वीकृत किये जाने तथा 120 किलो लीटर प्रतिदिन 330 कार्य दिवसों के आधार पर 396 लाख ली0 वार्षिक अधिष्ठापित क्षमता के अधीन 80 कि0ली0 प्रतिदिन (330 दिवस के आधार पर 264 लाख ली0 वार्षिक) औद्योगिक अल्कोहल एथनॉल/ई0एन0ए0/रेक्टीफाइड स्प्रिट तथा 40 कि0ली0 प्रतिदिन क्षमता (330 दिवस के आधार पर 132 लाख ली0 वार्षिक) तक पेय उत्पादन हेतु प्लान्ट की स्थापना की अनुमति संगत शासनादेशों के अधीन इस प्रतिबन्ध के साथ प्रदान की जाती है कि इकाई द्वारा प्रस्तावित आसवनी स्थापना एवं पेय मदिरा उत्पादन हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की इनवायरमेन्टल क्लीयरेन्स, उद्योग मंत्रालय एवं उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुये केन्द्र/राज्य के संगत प्राविधानों/नियमों/विधियों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

तद्नुसार कृपया अग्रतर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(वेद प्रकाश राय)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in